संख्या-2/1679/47-का-3-2013-9/131/2012

प्रेषक

पी0 बी0 सिंह
अनु सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में

महानिदेशक
उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबन्धन अकादमी
सेक्टर-डी, अलीगंज, लखनऊ।

कार्मिक अनुभाग-3 **लखनऊ : दिनांक : 26 सितम्बर, 2013**

विषय :वित्तीय वर्ष 2013-14 के आय-व्ययक में अकादमी के लिए प्राविधानित रू0-9.00 करोड़ की धनराशि निर्गत किए जाने के संबंध में।

*****

महोदय,

उपर्युक्त विषयक सचिव राज्य योजना आयोग-1 के अर्द्धशासकीय पत्र संख्या-18/(1)/35-आ-1/2013-19, दिनांक 03.09.2013 के अनुक्रम में प्रेषित कार्मिक अनुभाग-3 के पत्र संख्या-1679/47-का-3-2013-9/131/2012, दिनांक 11.09.2013 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

उक्त के संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि राज्य योजना आयोग-1 के उपरोक्त पत्र दिनांक 03.09.2013 के साथ संलग्न रूप पत्रों में विभागों से प्राप्त सूचनाओं के संबंध में योजना भवन के कक्ष संख्या-211 में दिनांक 11.09.2013 को अपरान्ह् 4.30 बजे नियोजन विभाग द्वारा बैठक आयोजित की गयी थी। उक्त बैठक में अद्योहस्ताक्षरी ने प्रतिभाग किया, बैठक में श्री मनीष शुक्ला वित्त अधिकारी अकादमी भी उपस्थित थे। उक्त बैठक में सचिव, नियोजन विभाग द्वारा अपेक्षा की गयी है कि वित्तीय वर्ष 2013-14 के आय-व्ययक में अकादमी के लिए प्राविधानित रू0-9.00 करोड़ की धनराशि निर्गत किए जाने हेतु अकादमी द्वारा कार्मिक विभाग से विचार-विमर्श कर लिया जाय तथा जिस समय अकादमी को उक्त धनराशि की आवश्यकता हो, वह समय सीमा निर्धारित करते हुए नियोजन विभाग को अवगत करा दिया जाय, क्योकि प्रश्नगत प्रकरण की समीक्षा मुख्य सचिव स्तर पर हो रही है। कृपया उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम से विचार विमर्श करके वित्तीय वर्ष 2013-14 के आय-व्ययक में अकादमी के लिए आयोजनागत पक्ष में प्राविधानित रू0-9.00 करोड़ की धनराशि निर्गत किए जाने हेतु प्रस्ताव शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें तथा नियोजन विभाग की अपेक्षानुसार निर्धारित रूप-पत्र पर धनराशि निर्गत किए जाने की समय सीमा विषयक सूचना भी नियोजन विभाग तथा कार्मिक विभाग को उपलब्ध करायें।

भवदीय

(पी0 बी0 सिंह)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in